भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या : *139

जिसका उत्तर 31 जुलाई, 2024 को दिया जाना है

कोयले की ढुलाई

***139. श्री जुगल किशोर:**

श्री शंकर लालवानी:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कोयले के उत्पादन में वृद्धि दर्ज की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या देश भर में कोयले की ढुलाई में वृद्धि हुई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) कोयला खानों के आवंटन से कुल कितना राजस्व प्राप्त हुआ?

उत्तर

कोयला एवं खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ड.): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

"कोयले की ढुलाई" के संबंध में श्री जुगल किशोर तथा श्री शंकर लालवानी द्वारा दिनांक 31.07.2024 हेतु पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *139 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरणः

(क) तथा (ख) : जी, हां। वर्ष 2023-2024 में अखिल-भारतीय घरेलू कोयला उत्पादन वर्ष 2022-2023 में 893.191 मि.ट. की तुलना में लगभग 11.71% की वृद्धि के साथ 997.828 मिलियन टन (मि.ट.) (अनंतिम) था। इसके अलावा, चालू वित्त वर्ष (जून'24 तक) में, देश में पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 223.376 मि.ट. (अनंतिम) की तुलना में लगभग 10.75% की वृद्धि के साथ 247.396 मि.ट. (अनंतिम) कोयले का उत्पादन हुआ है। पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में उत्पादित कोयले की मात्रा निम्नानुसार है: -

वर्ष	2021-22	2022-23	2023-24
उत्पादन (मि.ट. में)	778.210	893.191	997.828

(ग) तथा (घ) : कोयला ढुलाई के विभिन्न माध्यमों के जरिए वर्ष 2023-2024 में अखिल-भारतीय घरेलू कोयला प्रेषण वर्ष 2022-2023 में 877.369 मि.ट. की तुलना में लगभग 10.90% की वृद्धि के साथ 973.015 मिलियन टन (मि.ट.) (अनंतिम) था। चालू वित्त वर्ष (जून'24 तक) में, अखिल-भारतीय कोयला प्रेषण पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 240.852 मि.ट. की तुलना में लगभग 8.82% की वृद्धि के साथ 262.085 मि.ट. (अनंतिम) कोयला था। पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में प्रेषित कोयले की मात्रा निम्नानुसार है: -

वर्ष	2021-22	2022-23	2023-24
प्रेषण (मि.ट. में)	819.21	877.369	973.015

(ड.) : पिछले तीन वर्षों के दौरान रॉयल्टी, करों, उपकर आदि को छोड़कर अग्रिम राशि और मासिक प्रीमियम के रूप में, आवंटित कोयला ब्लॉकों से उत्पन्न राजस्व का ब्यौरा निम्नानुसार है: -

वर्ष	2021-22	2022-23	2023-24
राजस्व (करोड़ में)	1679.45	3016.98	5211.46

****